चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 6.9.22 | 3 | 2-4 |


# आओ किसान भाइयों फिर चलें कृषि मेला...

जागरण संवाददाता, हिसार: प्रदेश के एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय में एक बार फिर से किसानों का जमघट लगेगा। जानकारियों मिलेंगी तो फसलों का सम्मान मिलेगा। मौका होगा कृषि मेले के आयोजन तो आइए एक बार फिर चलें कृषि मेले की ओर।

दरअसल, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13 व 14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन हो रहा है। मेले की खास बात है कि यहां सिर्फ हरियाणा ही नहीं बल्कि राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश व हिमाचल तक के किसान भाग लेंगे। मेले की खासियत लोगों का जमघट ही नहीं होगा बल्कि किसानों के लिए फसल उगाने से संबंधित तमाम जानकारियों का भी वृहत प्लेटफार्म मिलेगा। इसके साथ ही खेती व पशुपालन में अच्छा कार्य करने वाले किसानों को सम्मान भी दिया जाएगा। सिर्फ यही नहीं बल्कि मेला किसानों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग भी करा कर पुरस्कार जीतने का अवसर देगा।

## यहां पर लगेगा कृषि मेला

विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला बालसमंद सड़क मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा। सह निदेशक (विस्तार) डा. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टालों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टाल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने के लिए वाटर प्रूफ पंडाल होगा। प्रदर्शनी क्षेत्र में पक्के रास्तों का निर्माण किया गया है और मेला स्थल की सुरक्षा के लिए चार दिवारी, प्रकाश व जल निकासी की व्यवस्था की गई है।

हरियाणा के साथ राजस्थान, उप्र व हिमाचल के किसान भी लेंगे भाग

## जल संरक्षण पर आधारित होगा कृषि मेला

एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बताते हैं कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के विज्ञानियों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों की सभी जानकारियां दी जाएगी। इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6.9.22 | 5 | 6.7 |


# एचएयू में रबी के लिए कृषि मेला 13 व 14 को, जल संरक्षण पर देंगे जानकारी

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13-14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की सभी जानकारियां दी जाएंगी।

मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पहले की भांति इस साल भी यह मेला बालसमंद सड़क मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाइजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को

## प्रश्नोत्तरी में दूर होंगी जिज्ञासाएं मनोरंजन के कार्यक्रम भी होंगे

वीसी ने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृह विज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी तथा फसल प्रतियोगिताएं की जाएंगी। किसानों के मनोरंजन के लिए दोनों दिन हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित किए जाएंगे। सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया इस बार किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने हेतु वाटर प्रूफ पंडाल होगा।

विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई टेक्नोलॉजी की जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 6.9.22 | 7 | 7-8 |

## 13 व 14 को लगेगा रबी कृषि मेला

**हिसार (निस)** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 13-14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। मेले में किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों की जानकारियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल ने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृहविज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 6.5.22 | 2 | 3-4 |

## हकृवि में कृषि मेला 13 व 14 को

हिसार, 5 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13-14 सितम्बर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों की सभी जानकारियां दी जाएंगी।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला बालसमंद सड़क मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा।

मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 6.9.22 | 1 | 5 |

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला 13 से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13-14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। मेला बालसमंद सड़क मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की सभी जानकारियां दी जाएंगी। उनके अनुसार इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निमार्ता कंपनियां भी भाग लेंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 6.9.22 | 3 | 8 |

## एचएयू के दो दिवसीय कृषि मेले में जल संरक्षण पर होगा फोकस

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13-14 सितंबर को रबी कृषि मेला का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी की जानकारियां दी जाएंगी।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि मेला बालसमंद रोड पर विवि के गेट नंबर 3 के सामने अनुसंधान फार्म में लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विवि की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज व बायोफर्टिलाइजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। मेला में मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की जांच की सुविधा मिलेगी। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 05.09.2022 | -- | -- |

# एचएयू में कृषि मेला (रबी) 13 व 14 सितंबर को

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13-14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की सभी जानकारियां दी जाएंगी। इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी दी।

कृषि मेला (रबी)-2022 के बारे में और जानकारी देते हुए विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि यह मेला बालसमंद सड़क मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृहविज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा मिलेगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 05.09.2022 | -- | -- |

# हकृवि में कृषि मेला 13 व 14 को

नभ-छोर न्यूज ▸▸| 05 सितंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13 व 14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की जानकारियां दी जाएंगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि यह मेला बालसमंद मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा। इस अवसर पर उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी तथा फसल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 06.09.2022 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (रबी) 13-14 सितंबर को

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13-14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा



कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की सभी जानकारियां दी जाएंगी। उनके अनुसार इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन

**मेले में कृषि में जल संरक्षण बारे दी जाएगी जानकारी: कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज**

मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। कृषि मेला (रबी)-2022 के बारे में और जानकारी देते हुए विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला बालसमंद सड़क मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 05.09.2022 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला 13-14 को

## वीसी बोले, मेले में कृषि में जल संरक्षण बारे दी जाएगी जानकारी

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13-14 सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की सभी जानकारियां दी जाएंगी। उनके अनुसार इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी




भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। कृषि मेला (रबी)-2022 के बारे में और जानकारी देते हुए विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला बालसमंद सड? मार्ग पर विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने अनुसंधान फार्म पर लगाया जाएगा।

मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईज़र के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी तथा फसल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उधर, सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया इस बार किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने हेतु वाटर प्रूफ पंडाल होगा। प्रदर्शनी क्षेत्र में पक्के रास्तों का निर्माण किया गया है और मेला स्थल की सुरक्षा के लिए चार दिवारी, प्रकाश व जल निकासी की व्यवस्था की गई है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 6.9.2022 | -- | -- |

### 2 दिवसीय कृषि मेला (रबी) 13 से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय १३-१४ सितंबर को कृषि मेला (रबी) का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया मेले में आगन्तुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में जल संरक्षण के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीयों की सभी जानकारियां दी जाएगी। उनके अनुसार इस मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निमार्ता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनालॉजी की जानकारी दी जाएगी। की जाएगी। उन्होंने बताया किसानों के मनोरंजन के लिए दोनों दिन हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। उधर, सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जा रहे है। उन्होंने बताया इस बार किसानों की सुविधा के लिए उनके बैठने हेतु वाटर प्रूफ पंडाल होगा। प्रदर्शनी क्षेत्र में पक्के रास्तों का निर्माण किया गया है और मेला स्थल की सुरक्षा के लिए चार दिवारी, प्रकाश व जल निकासी की व्यवस्था की गई है। यहां उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर साल सितंबर में कृषि मेला आयोजित करता है जिसमें हरियाणा तथा पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान भाग लेते हैं। इस मेले में एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी भी लगाई जाती है जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लुवास तथा हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त विभिन्न कृषि निविष्टि तथा फार्म मशीनरी बनाने वाली कंपनियां भी भाग लेकर अपनी तकनीकी प्रदर्शित करती हैं।